अतिरिक्त सुविधाओं जिनकी व्यवस्था करने में सम्भवतः लगभग एक वर्ष लगेगा, की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

भुसावल और इटारसी रेलवे स्टेशन के बीच यात्री गाड़ियों की कमी

2112. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भुसावल और इटारसी रेलवे स्टेशनों के बीच चलने वाली गाड़ियों को बंद कर देने के बाद उन स्टेशनों पर गाड़ियों की भारी कमी अनुभव की जा रही है ;

(ख) क्या उक्त दो रेल स्टेशनों के बीच आने वाले छोटे स्टेशनों पर उतरने वाले तथा वहां से चढ़ने वाले यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उक्त क्षेत्र में यात्री गाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने का है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके बारे में क्या तक प्रबन्ध किया जायेगा और वहां पर कितनी अतिरिक्त गाड़ियां चलाने का प्रस्ताव है।

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं। जो लोग पहले 349 डाउन/350 अप भुसावल-इटारसी सवारी गाड़ी पकड़ा करते थे, उनकी असुविधा भुसावल और इटारसी के बीच 357 डाउन/358 अप सवारी गाड़ी समय में 1.4.71 से हेर-फेर करके बहुत कुछ दूर कर दी गयी है और इस तरह अब उन्हें इटारसी की तरफ जाने के लिए सुबह की सुविधाजनक गाड़ी और इटारसी से खण्डवा की तरफ के लिए शाम की गाड़ी उपलब्ध हो गयी है। उनमें से कुछ स्टेशनों पर नं. 57/58 और नं. 41/42 एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था भी कर दी गयी है, ताकि प्रभावित यात्रियों की आवश्यकता पूरी हो सके।

(ग) और (घ). बम्बई वी. टी. और बीना के बीच 1972 में किसी समय एक साप्ताहिक जनता एक्सप्रेस शुरू करने का विचार है।

Quick disposal of pending cases in Courts

2113. SHRI SOMCHAND SOLANKI : Will the Miniser of LAW AND JUSTICE be pleased to state :

(a) the number of appeals that are pending in different High Courts of India pertaining to industrial disputes between owners and labourers regarding their demands and for how long;

(b) how many of them have been decided last year; and

(c) whether Government of India have instructed the High Courts of different States to dispose them of immediately ?

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI H. R. GOKHALE) : (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.